आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 80 | उज्जैन, सोमवार 10 फरवरी 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# वैश्विक टेक्सटाइल उद्योग के विस्तार की म.प्र. में हैं अपार संभावनाएँ-मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश टेक्सटाइल और परिधान उद्योग के क्षेत्र में अपार संभावनाओं वाला राज्य बन चुका है। राज्य की समृद्ध कृषि पृष्ठभूमि, पारंपरिक बुनकर समुदायों की उत्कृष्ट कला, आधुनिक औद्योगिक आधार और निवेशक-अनुकूल नीतियाँ प्रदेश को इस क्षेत्र में अग्रणी बना रही हैं। सरकार के सुविचारित प्रयासों से मध्यप्रदेश तेजी से भारत के प्रमुख टेक्सटाइल और गारमेंट हब के रूप में उभर रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 इस औद्योगिक यात्रा को और गति देने का माध्यम बनेगा, जहाँ दुनिया भर के निवेशकों को प्रदेश में उपलब्ध अवसरों से अवगत कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश का टेक्सटाइल उद्योग केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण मूल्य श्रृंखला का निर्माण कर रहा है, जिसमें कच्चे माल के उत्पादन से लेकर परिधान निर्माण और वैश्विक निर्यात तक सभी चरण शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश, भारत के 43त्न और वैश्विक स्तर पर 24त्न ऑर्गेनिक कॉटन उत्पादन में योगदान देता है। यह आंकड़ा न केवल प्रदेश की क्षमता को दर्शाता है, बल्कि इसे पर्यावरणीय रूप से सतत और उच्च गुणवत्ता वाले वस्त्र निर्माण के लिए एक आदर्श स्थान बनाता है। कपास, रेशम और आधुनिक फाइबर ङ्क मध्यप्रदेश की बुनियादी ताकत मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश कपास उत्पादन में अग्रणी है। साथ ही यहाँ का रेशम उद्योग भी लगातार विस्तारित हो रहा है। राज्य प्रतिवर्ष 200 टन से अधिक रेशम उत्पादन करता है, जिससे परंपरागत हथकरघा और आधुनिक सिल्क उत्पाद दोनों को बढ़ावा मिल रहा है।

इसके अलावा, मध्यप्रदेश आधुनिक कृत्रिम फाइबर उत्पादन के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिससे टेक्निकल टेक्सटाइल और स्पेशलिटी फाइबर निर्माण को बल मिल रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार जिले में विकसित किया जा रहा पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल पार्क प्रदेश के कपड़ा उद्योग को नया आयाम देगा। 2,100 एकड़ में फैले इस पार्क में टेक्सटाइल और गारमेंट उद्योगों के लिए विश्वस्तरीय बुनियादी ढाँचा उपलब्ध होगा। यह पार्क न केवल निवेश आकर्षित करेगा, बल्कि प्रदेश को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भी बनाएगा।

## आरबीआइ के केंद्रीय बोर्ड के साथ हुई वित्त मंत्री की बैठक, अगले हफ्ते पेश हो सकता है इनकम टैक्स बिल



नई दिल्ली (एजेंसी)। आम बजट में आय कर छूट की घोषणा और उसके बाद मौद्रिक नीति में ब्याज दरों को घटाने के फैसले का असर देश की इकोनॉमी पर बेहद सकारात्मक होगा। यह खपत बढ़ाने के साथ ही निवेश बढ़ाने में भी मदद करेगा। यह बात विदेश मंत्री निर्मला सीतारमण ने आरबीआइ के केंद्रीय बोर्ड के साथ बजट बाद होने वाली पारंपरिक बैठक के बाद कही है।

वित्त मंत्री ने एक दिन पहले कैबिनेट की तरफ से मंजूर नये आयकर विधेयक के बारे में यह जानकारी दी कि इसे अगले हफ्ते ही वह संसद में पेश करने की कोशिश करेंगी। विधेयक को संसदीय समिति को सौंपे जाने के आसार है। हालांकि विधेयक को कानून का रूप देने में ज्यादा विलंब नहीं होगा।

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि, आम बजट के बाद मेरी कारोबारी जगत के लोगों के साथ जो विमर्श हुआ है उससे संकेत मिला है कि अगली तिमाही (अप्रैल से जून) के लिए एफएमसीजी क्षेत्र में मांग बढ़ने वाली है। उद्योग जगत को इसके लिए अभी से आर्डर मिलने लगे हैं। देश में खपत बढ़ने की पूरी संभावना है और उद्योग जगत उसके लिए तैयारी कर रहा है। इसकी वजह से कारोबारी लोग अपनी क्षमता बढ़ाने में जुट गये हैं।

## ये है भारत की ताकत, पहली बार एक साथ दिखे अमेरिकी F-35 और रूसी S-57 लड़ाकू विमान



नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनिया के दो सबसे बेहतरीन लड़ाकू विमान बेंगलुरु में एयरो इंडिया में प्रदर्शित किए जाएंगे। अमेरिकी एफ-35 और रूसी एसयू-57 शनिवार को एक साथ दिखाई दिए। वाशिंगटन डीसी और मॉस्को के बीच टकराव के बावजूद, उनके जेट विमान दक्षिणी भारतीय महानगर के ऊपर एक साथ शांतिपूर्ण उड़ान प्रदर्शन करते देखे गए।

अमेरिकी फर्म लाकहीड मार्टिन द्वारा निर्मित एफ-35 अमेरिकी वायुसेना का हिस्सा है और एयरो इंडिया में भाग लेने वाला है। रूसी वायुसेना में शामिल रूसी सुखोई एसयू-57 भी मौजूद रहेगा। भारत में रूसी दूतावास ने बुधवार को एक्स पर कहा कि पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एसयू-57 को एयरो इंडिया 2025 में प्रदर्शित किया जाएगा। भारत में पहली बार इस खूबसूरती को देखने का मौका न चूकें।

रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने पुष्टि की है कि विभिन्न निर्माताओं के अन्य विमानों के साथ-साथ एफ-35 का आगमन तय समय पर होगा। एयरो इंडिया 2025 का आयोजन 10 से 14 फरवरी तक बेंगलुरू के येलहंका एयर फोर्स स्टेशन में किया जाएगा।

## रक्षा मंत्रालय के PCDA कार्यालय में हो रही थी रिश्वतखोरी, CBI ने 8 लाख रुपये रिश्वत के मामले में ऑडिटर समेत तीन को किया गिरफ्तार



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने रक्षा मंत्रालय के प्रधान नियंत्रक रक्षा लेखा के कार्यालय में तैनात एक वरिष्ठ ऑडिटर और साथ में दो निजी लोगों को 8 लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। दोनों निजी लोग एक प्राइवेट डिफेंस सप्लायर और उसके कर्मचारी हैं।

सीबीआई ने जाल बिछाकर आरोपियों को पकड़ा- शिकायतकर्ता डिफेंस सप्लायर की शिकायत पर सीबीआई ने 7 फरवरी को इस मामले को लेकर केस दर्ज किया था। अपनी शिकायत में डिफेंस सप्लायर ने यह आरोप लगाया था कि, उसके पहले से मंजूर हो चुके बिलों के भुगतान के लिए रक्षा मंत्रालय के पीसीडीए कार्यालय में तैनात वरिष्ठ ऑडिटर और इक प्राइवेट डिफेंस सप्लायर ने उससे 10 लाख रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि, रिश्वत मांगने वाले आरोपी ऑडिटर ने धमकी देते हुए ये कहा था कि, अगर रिश्वत नहीं मिली तो उसके भविष्य के बिलों के भुगतान को अटका दिया जाएगा। फिर आरोपी ऑडिटर ने 10 लाख में से 8 लाख रुपये रिश्वत की पहली किस्त एक प्राइवेट डिफेंस सप्लायर के कर्मचारी को देने को कहा।

शिकायतकर्ता ने इस लेन-देन की जानकारी सीबीआई को दी और फिर जांच एजेंसी ने जाल बिछाया और आरोपी कर्मचारी को 8 लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया।

आरोपी से पूछताछ के बाद प्राइवेट कंपनी के मालिक को भी सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। फिर सीबीआई ने रक्षा मंत्रालय के पीसीडीए कार्यालय में तैनात वरिष्ठ ऑडिटर को भी गिरफ्तार कर लिया।

## दिल्ली अब आप-दा से हुई मुक्त, चुनाव रिजल्ट पर शाह से लेकर नायडू तक किसने क्या कहा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में बीजेपी ने शानदार जीत हासिल की है। करीब 27 बाद दिल्ली की सत्ता में बीजेपी की वापसी हुई है। बीजेपी नेताओं ने कहा कि दिल्ली अब आप-दा सरकार से मुक्त हो गई है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि दिल्ली अब मोदीजी के नेतृत्व में एक आदर्श राजधानी बनेगी। दिल्ली चुनाव परिणाम पर केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों व अन्य नेताओं की प्रतिक्रिया सामने आई है। जानिए किसने क्या कहा?

केंद्रीय मंत्रियों ने क्या कहा- राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक्स पर कहा कि 27 वर्षों के बाद दिल्ली की जनता ने भाजपा को अपना विश्वास और आशीर्वाद दिया है। इसके लिए मैं दिल्ली की जनता का आभार व्यक्त करता हूं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पीएम मोदी के नेतृत्व और भाजपा की नीतियों में विश्वास की जीत है।

उन्होंने कहा कि लोगों को मोदीजी की विश्वसनीयता और भाजपा के सुशासन और विकास की राजनीति पर भरोसा है। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए विकसित दिल्ली बहुत महत्वपूर्ण है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने क्या कहा- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली में मिली बीजेपी की जीत पर कहा कि दिल्ली अब आप-दा सरकार से मुक्त हो गई है। दिल्लीवासियों ने दिखाया है कि जनता को बार-बार झूठे वादों से गुमराह नहीं किया जा सकता है।

## तिब्बत में महसूस किए गए भूकंप के झटके, कांपा पूरा इलाका, क्यों है खतरनाक?



नई दिल्ली (एजेंसी)। तिब्बत में 4 रिक्टर स्केल तीव्रता का भूकंप रविवार को महसूस किया गया। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने बताया कि भूकंप का केंद्र 16 किलोमीटर की गहराई में था। इससे पहले 2 फरवरी को भी तिब्बत में 4.1 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया था।

एनसीएस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एम का ईक्यू- 4.0, दिनांक 09/02/2025 13:07:04 IST, अक्षांश- 29.13 उत्तर, देशांतर 86.64 पूर्व, गहराई 16 किलोमीटर, स्थान तिब्बत।

# दिल्ली में बीजेपी का शानदार कमबैक, गुजरात से गोवा तक कार्यकर्ता गदगद; खूब हुई आतिशबाजी

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर देश भर में भाजपा कार्यकर्ता खुश दिखे। पार्टी कार्यकर्ताओं व नेताओं ने जश्न मनाया। लोगों ने जगह-जगह पटाखे फोड़कर व लड्डू बांटकर खुशियों का इजहार किया।



प्रदेश भाजपा मुख्यालयों पर पार्टी कार्यकर्ता नारा लगाते हुए ढोल-नगाड़ों के साथ जमकर झूमे। गुजरात भाजपा ने दिल्ली चुनाव में पार्टी की शानदार जीत का जश्न आतिशबाजी और मिठाइयों के साथ मनाया।

ये केजरीवाल की अहंकार की हार- सीआर पाटिल- केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने इसे अरविंद केजरीवाल के अहंकार की हार बताया। उन्होंने कहा कि नतीजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभी को साथ लेकर चलने के दृष्टिकोण में लोगों के विश्वास को भी दर्शाते हैं। गुजरात के सीएम भूपेन्द्र पटेल और वरिष्ठ नेता 26 साल से अधिक समय के बाद दिल्ली में भाजपा की जीत का जश्न मनाने के लिए गांधीनगर में पार्टी के राज्य मुख्यालय कमलम में एकत्र हुए।

देश भर के बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न- इसी तरह, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र, गोवा, हरियाणा के अलावा दक्षिण व उत्तर पूर्व के राज्यों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत की सराहना की और कहा कि आप को खारिज करके लोगों ने दिखाया कि राज्य में भ्रष्टाचार के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में लोग पिछले 10 वर्षों से डबल इंजन सरकार का इंतजार कर रहे थे।

पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित- दिल्ली की जीत के बाद पीएम मोदी ने बीजेपी मुख्यालय से पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान कहा कि दिल्ली के इस विजय उत्सव के साथ-साथ आज अयोध्या के मिल्कीपुर में भी भाजपा को शानदार जीत मिली है। हर वर्ग ने भारी संख्या में भाजपा के लिए मतदान किया है और अभूतपूर्व विजय दी है। आज देश तुष्टिकरण नहीं बल्कि भाजपा की संतुष्टिकरण की पॉलिसी को चुन रहा है।

# एलन मस्क ने अमेरिकी पेमेंट सिस्टम पर उठाए सवाल, हर साल 100 बिलियन डॉलर की धोखाधड़ी का लगाया आरोप



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने DOGE (डिपार्टमेंट ऑफ गर्वनमेंट एफिसिएंसी) विभाग का गठन किया है। इस विभाग के प्रमुख टेस्ला के मालिक एलन मस्क हैं। इस बीच टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने अमेरिकी सरकार के पेमेंट सिस्टम पर आपत्ति जताई है।

दरअसल, मस्क ने दावा किया है कि सरकारी पेमेंट सिस्टम में भारी गड़बड़ियां और 100 अरब डॉलर से ज्यादा की संभावित धोखाधड़ी हर साल हो रही है। उन्होंने इस संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने लिखा कि वित्त विभाग और सरकारी दक्षता विभाग ने मिलकर सरकारी भुगतान की निगरानी के लिए नए नियम तय किए हैं।

मस्क ने नए नियम किए तय- एलन मस्क ने कहा कि वित्त विभाग और सरकारी दक्षता विभाग ने मिलकर सरकारी भुगतान की निगरानी के लिए नए नियम तय किए हैं। अब से नए नियम के तहत की सभी सरकारी भुगतान होंगे। सरकारी भुगतानों के लिए भुगतान वर्गीकरण कोड होगा। इससे बाद में इन भुगतानों का ऑडिट करना आसान हो जाएगा।

टेस्ला के सीईओ ने कहा कि इससे पहले किसी सरकारी भुगतान के लिए कोड का इस्तेमाल नहीं किया जाता था, जिससे ऑडिट मुश्किल होती थी। मस्क ने यह भी बताया कि भुगतानों के लिए एक टिप्पणी में कारण बताना जरूरी होगा। मस्क के अनुसार अभी तक यह हिस्सा खाली छोड़ दिया जाता था।

इसी सोशल मीडिया पोस्ट पर मस्क ने कहा कि धोखाधड़ी करने वाली संस्थाओं या मृत या संदिग्ध संगठन या किसी गलत भुगतान पाने वाले शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि इसको समय पर अपडेट नहीं किया जाता रहा है।

# पृथ्वी पर तबाही लाएगा बेन्नू! खत्म हो जाएगा खाना-पानी... आखिर वैज्ञानिकों ने किस बात पर चेताया?



नई दिल्ली (एजेंसी)। पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा खतरा उल्कापिंड है। इस उल्कापिंड ने वैज्ञानिकों को भी चिंता में डाल दिया है। उल्कापिंड का नाम बेन्नू बताया जा रहा है, जो वर्तमान में लगभग 186,000 मील (299,000 किमी) दूर हर छह साल में पृथ्वी के सबसे करीब पहुंचता है।

एस्टेरॉयड बेन्नू धरती के साथ टकराने की संभावना है। वैज्ञानिक गणना के हिसाब से इसके सितंबर में साल 2182 में 2,700 में से 1 बार इसके पृथ्वी से टकराने की संभावना है। इसकी चौड़ाई 500 मीटर है। वहीं नासा के पास इसका सैंपल है, जिसमें वैज्ञानिकों को जीवन के प्रमुख घटक मिले हैं।

क्या होगा अगर बेन्नू हमारे ग्रह पर हमला कर दे? खैर, बेन्नू जैसे एक मील (500 मीटर) के लगभग तीन-दसवें व्यास वाले उल्कापिंड के प्रभाव के कंप्यूटर सिमुलेशन पर आधारित नए रिसर्च के अनुसार, यह सुंदर नहीं होगा।

विनाश के अलावा, यह अनुमान लगाया गया कि इस तरह के प्रभाव से वायुमंडल में 100-400 मिलियन टन धूल चली जाएगी, जिससे जलवायु, वायुमंडलीय रसायन विज्ञान और वैश्विक प्रकाश संश्लेषण में तीन से चार सालों तक परेशानी आएगी।

दक्षिण कोरिया में पुसान नेशनल यूनिवर्सिटी में आईबीएस सेंटर फॉर क्लाइमेट फिजिक्स (आईसीसीपी) के पोस्टडॉक्टरल रिसर्च फेलो और साइंस एडवांसेज जर्नल में इस हफ्ते प्रकाशित अध्ययन के प्रमुख लेखक लैन दाई ने कहा, धूल के कारण सूर्य का घटना अचानक वैश्विक प्रभाव वाली सर्दियों का कारण बनेगी, जिसमें सूरज की रोशनी में कमी, ठंडा तापमान और सतह पर बारिश में कमी शामिल होगी।

## अमेरिका में 8 दिन में तीसरा विमान हादसा, अलास्का क्षेत्र में मिला मलबा; 10 लोगों की मौत



पश्चिमी अलास्का में एक छोटा यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसका मलबा शुक्रवार को समुद्री बर्फ के टुकड़े पर मिला। उस पर सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी तट रक्षक के प्रवक्ता माइक सालेर्नो ने कहा कि बचावकर्मी हेलीकॉप्टर द्वारा अंतिम ज्ञात स्थान की खोज कर रहे थे, तभी मलबा दिखाई दिया। जांच के लिए दो बचाव तैराकों को नीचे उतारा गया।

बेरिंग एयर का सिंगल-इंजन टर्बोप्राप विमान गुरुवार दोपहर 2:37 बजे अनलाकलीट से रवाना हुआ और एक घंटे से भी कम समय के बाद उससे संपर्क टूट गया। उस समय तापमान माइनस 8.3 डिग्री सेल्सियस था और कोहरे के बीच हल्की बर्फबारी हो रही थी।

आठ दिन में तीसरा विमान हादसा- अमेरिका में पिछले आठ दिनों में यह तीसरी विमान दुर्घटना है। 29 जनवरी को देश की राजधानी के पास एक वाणिज्यिक जेटलाइनर और सेना के हेलीकॉप्टर की टक्कर हो गई। इसमें 67 लोगों की मौत हो गई। 31 जनवरी को फिलाडेल्फिया में एक चिकित्सा परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार छह लोगों और जमीन पर मौजूद एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई थी।

## चीन में भूस्खलन से तबाही, सिचुआन प्रांत में एक की मौत और 28 लापता



नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन के दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत में भूस्खलन में एक शख्स की मौत हो गई और 28 लापता हैं। घरों को भी नुकसान पहुंचा है। शनिवार को जुनलियन काउंटी के जिनपिंग गांव में भूस्खलन हुआ था। दो घायलों को बचाया गया और 10 घर ढहने के कारण चपेट में आए लगभग 360 लोगों को सुरक्षित निकाला गया।

भारी बारिश मची तबाही

1,000 कर्मियों को बचाव अभियान में लगाया गया है। अधिकारियों ने कहा कि प्रारंभिक आकलन के अनुसार आपदा के लिए हाल की भारी बारिश और स्थानीय भूवैज्ञानिक स्थितियां जिम्मेदार हैं। इन कारकों ने भूस्खलन को मलबे के प्रवाह में बदल दिया, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 1.2 किमी लंबाई तक मलबा जमा हो गया।

चीनी उपप्रधानमंत्री लियू गुओझोंग घटनास्थल पर थे। उन्होंने प्रभावित लोगों से मुलाकात की। उन्होंने अधिकारियों से लापता लोगों की तलाश के लिए हरसंभव प्रयास करने का निर्देश दिया।

# मेक्सिको में बड़ा सड़क हादसा, ट्रक की टक्कर में 41 लोगों की मौत; धूं-धूं कर जली बस



नई दिल्ली (एजेंसी)। मेक्सिको से भयानक सड़क हादसे की खबर सामने आई है, इस हादसे में करीब 41 लोगों की मौत हो गई है। 48 पैसेंजरों से भरी बस हाईवे पर ट्रक से भिड़ गई। हादसे की जानकारी देते हुए ताबास्को के कोमलकाल्को के मेयर ओविडियो पेराल्टा ने कहा, ये बस 48 लोगों को ले जा रही थी जिसके बाद ये एक ट्रक से टकरा गई।

इसके बाद इस हादसे में दो ड्राइवर समेत 41 लोगों की मौत हो गई। बस धूं-धूं कर पूरी तरह से जल गई है। जलने के बाद ये राख में बदल गई।

बस हुई जलकर खाक- तस्वीरों से पता चलता है कि टक्कर के बाद आग की लपटों में घिरने के बाद बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई, केवल धातु के फ्रेम के अवशेष बचे थे।

अब तक, केवल 18 शवों की पुष्टि की गई है, वहीं अभी बहुत सारे शव गायब हैं।

बस ऑपरेटर टूर्स एकोस्टा ने फेसबुक पर एक पोस्ट में इस हादसे में मारे गए लोगों को लेकर संवेदना व्यक्त की है।

बस ऑपरेटर ने कहा कि जो कुछ हुआ उसके लिए बेहद खेद है।

हादसे के वक्त कितनी थी बस की स्पीड- साथ ही यह भी कहा कि वह अधिकारियों के साथ मिलकर यह पता लगाने के लिए काम कर रहा है कि क्या हुआ था और जब ये हादसा हुआ तब बस की स्पीड कितनी थी।

हादसे के लिए दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हादसा पीड़ित लोगों को मुआवजा दिया जाएगा। मारे गए लोगों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। कंपनी शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है।

# टाइम मैगजीन में Musk की तस्वीर देख भड़के ट्रंप, तंज कसते हुए बोले- ये अभी तक चल रही है...



नई दिल्ली (एजेंसी)। टाइम मैगजीन के नए कवर इमेज पर एलन मस्क की फोटो को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तंज कसा है। दरअसल, मैगजीन में मस्क को ओवल ऑफिस में दिखाया गया है, जिससे राष्ट्रपति ट्रंप इस मैगजीन पर भड़क उठे।

ट्रंप के इस बयान से पहले ये अफवाहें चलती रही है कि स्पेस एक्स के मालिक मस्क भविष्य में राष्ट्रपति पद संभाल सकते हैं।

ट्रंप ने कसा तंज- मैगजीन के कवर पर एलन मस्क को ओवल ऑफिस में रिसोल्यूट डेस्क पर हाथ में कॉफी लेकर बैठे हुए दिखाया गया है। मस्क की कुर्सी के दोनों ओर लाल रंग के बैकग्राउंड में अमेरिकी झंडा और राष्ट्रपति का झंडा लगा हुआ है। जब जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ बैठक के दौरान डोनाल्ड ट्रंप से पूछा गया कि क्या वो उस कवर के बारे में कुछ कहना चाहते हैं, तो उन्होंने तंज कसते हुए कहा, क्या टाइम की मैगजीन अभी भी चल रही है? मुझे तो यह भी नहीं पता था।

इनसाइड एलन मस्क्स वॉर ऑन वॉशिंगटन- टाइम मैगजीन ने अरबपति सीईओ एलन मस्क पर अपनी कवर स्टोरी में शीर्षक इनसाइड एलन मस्क्स वॉर ऑन वॉशिंगटन रखा है। प्रशासन में एलन मस्क की नई भूमिका और सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख के रूप में नीतिगत निर्णयों पर उनके प्रभाव के महत्व के बारे में इस स्टोरी में लिखा गया है।

# सेना को अपनी संवैधानिक सीमाओं में लौटना चाहिए, जेल से इमरान खान की आर्मी चीफ को बड़ी नसीहत



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान ने जेल से देश के सेना प्रमुख असीम मुनीर को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने चिट्ठी में, सेना के गैरकानूनी कार्यों और राजनीति में इसके भागीदारी की आलोचना की। इसके साथ ही इमरान खान ने सेना से 'अपनी संवैधानिक सीमाओं में लौटने' का आग्रह किया।

इमरान खान एक साल से अधिक समय से रावलपिंडी की अडियाला जेल में कैद हैं। यह बात अब उन्होंने पहले पत्र के बाद बोली है, इससे पहले उन्होंने 3 फरवरी को एक पत्र लिखा था। पहले इमरान खान ने सेना से राष्ट्रीय सुरक्षा और शासन के प्रति अपने नजरिए की समीक्षा करने का आग्रह किया गया था।

संविधान सीमाओं पर लौटने की अपील- एक्स पर पोस्ट किए गए पत्र में, तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक ने जेल में दुर्व्यवहार का आरोप लगाया। खान एक साल से अधिक समय से रावलपिंडी की अडियाला जेल में कैद हैं। पहले पत्र के बाद, सुरक्षा सूत्रों ने कहा था कि यह सेना को प्राप्त नहीं हुआ है और इसके अस्तित्व के बारे में मीडिया में आई खबरों को खारिज कर दिया।

उन्होंने दावा किया कि प्रतिष्ठान को इस तरह का पत्र प्राप्त करने में कोई दिलचस्पी नहीं थी। अपने पत्र में, इमरान खान ने कहा कि मेरे (पहले) पत्र की प्रतिक्रिया खारिज करने वाली और गैर-जिम्मेदाराना थी, उन्होंने कहा कि उनकी चिंता हमारे सशस्त्र बलों की प्रतिष्ठा और सेना और जनता के बीच बढ़ती खाई के खतरनाक परिणामों के लिए है। इसीलिए मैंने यह पत्र लिखा।

# पॉक्सो के तहत रेप सिद्ध होने पर पीड़िता की याचिका को नहीं मिलेगी कोई वरीयता, केरल हाई कोर्ट की अहम टिप्पणी



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल हाई कोर्ट ने कहा है कि जब आईपीसी या पॉक्सो अधिनियम के तहत बलात्कार के गंभीर अपराध प्रथम दृष्टया सिद्ध होते हैं तो पीड़िता की याचिका को भी कोई वरीयता नहीं दी जाएगी। हाई कोर्ट का यह फैसला पीड़िता और उसकी मां की उस याचिका पर आया है, जिसमें उसने अपने डांस टीचर और उसकी पत्नी के खिलाफ आईपीसी के विभिन्न प्रविधानों के तहत दर्ज मामले को खारिज करने की मांग की। इसमें बलात्कार से संबंधित एक धारा और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम भी शामिल है।

बयान में पीड़िता ने किया घटनाक्रम का जिक्र- पीड़िता ने पुलिस को दिए अपने बयान में कई घटनाओं का जिक्र किया है, जब डांस टीचर ने 2015 में उसके साथ यौन संबंध बनाए थे। उस समय वह नाबालिग थी। उसने उसे फिल्मों और रियलिटी शो में काम दिलाने का वादा किया था।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसने उससे शादी करने का वादा करके उसके साथ यौन संबंध बनाए। जब डांस टीचर ने किसी और से शादी कर ली तो पीड़िता ने उसकी पत्नी को उनके अफेयर के बारे में बताया।

## जब पीएम मोदी ने बीच में रोक दिया भाषण... पूछा कार्यकर्ता का हालचाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में मिली जीत के बाद पीएम मोदी ने बीजेपी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बीजेपी के कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई दी। इस बीच अचानक एक कार्यकर्ता की तबीयत खराब हो गई। जैसे ही उस कार्यकर्ता पर पीएम मोदी की नजर उन्होंने अपना विजय भाषण बीच में कुछ देर के लिए रोक दिया।

इसके तुरंत बाद उन्होंने उस कार्यकर्ता के आस पास के लोगों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि कार्यकर्ता को पानी दिया जाए और उसकी उचित देखभाल की जाए। दिल्ली में मिली जीत के बाद बीजेपी मुख्यालय पर पहुंचे बीजेपी कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री शनिवार को संबोधित कर रहे थे।

जैसे ही पीएम मोदी की नजर उस कार्यकर्ता पर गई, उन्होंने अपने भाषण को रोक दिया और इशारा करते हुए हिंदी में पूछा कि क्या उसे नींद आ रही है या तबियत खराब है? उन्होंने कहा कि डॉक्टर साहब तुरंत उसका हालचाल लें। कृपया उसे थोड़ा पानी दें। वह अस्वस्थ लग रहा है, कृपया उसका ध्यान रखें।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों की बात करें तो भाजपा ने 48 सीटें जीतकर शानदार जीत हासिल की है। आप को केवल 22 सीटें ही मिल पाई हैं।

## दिल्ली में आप के हाथ से सत्ता जाना बिहार के क्षेत्रीय दलों के लिए सबक, बीजेपी का जोश रहेगा हाई




नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के बाद बिहार में ही घमासान की बारी है, जहां अक्टूबर-नवंबर में चुनाव होने हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार-जीत का असर बिहार के दोनों गठबंधनों पर सीधा पड़ेगा। पड़ता भी रहा है। कड़े संघर्ष एवं लंबे इंतजार के बाद आम आदमी पार्टी (आप) पर विजय से भाजपा का आत्मबल बढ़ा है।

इससे जदयू को उसकी बराबरी में खड़ा रहने के लिए अतिरिक्त दांवपेंच की जरूरत पड़ेगी। देश की राजधानी से एक सशक्त क्षेत्रीय दल की पराजय का सर्वाधिक असर राजद और जदयू जैसी क्षेत्रीय पार्टियों पर पड़ सकता है। कांग्रेस को बहुत नजरअंदाज करके नहीं चला जा सकता है।

दिल्ली में कांग्रेस हारी जरूर है, लेकिन मकसद को बचाकर रखा है। बिहार में भी कांग्रेस अगर दिल्ली की तरह ही अपने आप पर आ गई तो राजद की मुश्किलें बढ़ा सकती है। एक दशक बाद दिल्ली की सत्ता से एक क्षेत्रीय दल के प्रणेता के रूप में अरविंद केजरीवाल के बाहर हो जाने से कांग्रेस की ताकत में वृद्धि हो सकती है।

कांग्रेस को कटघरे में नहीं खड़ी कर पाएगी आरजेडी- बातचीत के दौरान तेजस्वी यादव के सामने बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद तनकर खड़े हो सकते हैं। घटिया स्ट्राइक रेट के इल्जाम से कांग्रेस लोकसभा चुनाव में ही मुक्त हो चुकी है। राजद से कम सीटों पर लड़कर भी कांग्रेस ने ज्यादा सीटें जीती थीं, जिसके बाद से राजद ने कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करना छोड़ दिया था।

## पीड़िता की मां से मिले आरएसएस चीफ मोहन भागवत, ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई हैवानियत पर जताया दुख



नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में दरिंदगी की शिकार हुई महिला डाक्टर के माता-पिता से मुलाकात की। पिछले साल नौ अगस्त को अस्पताल के सेमिनार हाल से पीड़िता का शव बरामद किया गया था। दुष्कर्म के बाद डॉक्टर की हत्या कर दी गई थी।

माता-पिता के अनुरोध पर, बंगाल प्रवास पर आए आरएसएस प्रमुख ने कोलकाता के पास राजरहाट के एक गेस्ट हाउस में कुछ देर तक उनसे बातचीत की, वहां वे ठहरे हुए हैं।

आरएसएस के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने इस संबंध में जानकारी दी। पदाधिकारी ने बताया कि भागवत ने पीड़िता के साथ हुई क्रूरता के बारे में सुनकर दुख जताया और माता-पिता के साथ सहानुभूति व्यक्त की। जब मां ने उन्हें मृतक को न्याय दिलाने के लिए लड़ाई जारी रखने की अपनी इच्छा के बारे में बताया, तो भागवत ने प्रभावित परिवार को समर्थन देने का वादा किया।

मां ने आरएसएस प्रमुख से मिलने के लिए की थी गुजारिश- मृत डॉक्टर की मां ने भागवत के प्रवास के बारे में जानने के बाद उनसे मुलाकात का अनुरोध किया था। मालूम हो कि कोलकाता की एक अदालत ने इस मामले में एकमात्र दोषी संजय राय को आजीवन आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

पदाधिकारियों के साथ बैठक की भागवत ने दक्षिण बंगाल क्षेत्र के आरएसएस पदाधिकारियों के साथ कई बैठकें कीं, जिसमें उन्होंने संगठन के कई पहलुओं और राज्य में इसके भविष्य के रोडमैप पर चर्चा की। दक्षिण बंगाल जोन के पदाधिकारियों के साथ उनकी बातचीत 10 फरवरी तक जारी रहेगी। इसमें पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, हावड़ा, कोलकाता और उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिले शामिल हैं।

## वसंत नहीं अब सीधा आएगी गर्मी! IMD ने किस बात की दी चेतावनी, फसल पर भी पड़ेगा बुरा असर



नई दिल्ली (एजेंसी)। मौसम पर ग्लोबल वार्मिंग का असर तेजी से पड़ रहा है, इस बार क्लाइमेट चेंज की वजह से ठंड उम्मीद से भी ज्यादा कम थी। वहीं अब बताया जा रहा है इस साल वसंत भी नहीं पड़ेगी, मौसम विभाग के मुताबिक, इस साल वसंत नहीं सीधा गर्मी शुरू होगी।

आईएमडी ने मौसम को लेकर जानकारी दी है, फरवरी के आखिरी हफ्ते या मार्च की शुरुआत में तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग का अनुमान है कि उत्तर-पश्चिम से लेकर मध्य व पूर्वी भारत के अधिकतर हिस्सों में फरवरी में बारिश भी सामान्य से 20 प्रतिशत कम रहेगी। बारिश की कमी से हवा में नमी घटेगी और तापमान में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

फरवरी में कितना रहेगा तापमान- ऐसे में, फरवरी में तापमान सामान्य से ज्यादा पहुंचने की संभावना है। दक्षिणी राज्यों में अभी से तापमान सामान्य से अधिक दर्ज होने लगा है। आमतौर पर यहां फरवरी में तापमान 30-32 डिग्री सेल्सियस तक रहता है, इस बार कई इलाकों में तापमान 33 से 37 डिग्री तक जा चुका है।

क्यों आ रहा मौसम में बदलाव?- रिपोर्ट्स के मुताबिक, केरल के पलक्कड़ में रात का तापमान 26.6 डिग्री रहा, जो सामान्यतः 20-21 डिग्री रहता है। अगर यही स्थिति रही तो आने वाले समय में ठंड का प्रकोप बिल्कुल खत्म हो जाएगा और गर्मी से लोगों का बुरा हाल हो जाएगा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस बदलाव की बड़ी वजह ला-नीना की परिस्थितियां हैं। इसका असर रबी की फसल पर भी पड़ेगा।

विशेषज्ञों का कहना है कि फरवरी में- फरवरी मध्य से अप्रैल की शुरुआत तक 45-60 दिन सर्दी-गर्मी नहीं सतातीं। यह मौसम वसंत का होता है। कई सालों से वसंत के दिन तेजी से घट रहे हैं।

विशेषज्ञ ने हाल ही में बताया, 2024 सबसे गर्म साल रहा। इतिहास के टॉप-5 गर्म साल पिछले 10 साल में ही आए। 2025 का जनवरी इतिहास में तीसरा सबसे गर्म जनवरी रहा।

## क्या भारत के खिलाफ बांग्लादेश को भड़का रहा चीन, भाजपा सांसद ने क्यों जताई चिंता? पाकिस्तान कनेक्शन भी मिला



नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा सांसद सुजीत कुमार ने बांग्लादेश और पाकिस्तान के नए गठजोड़ पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने भारत के प्रति बांग्लादेश के रुख की निंदा की। सुजीत कुमार ने भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव बढ़ाने में चीन की भूमिका की आशंका जताई है।

बांग्लादेश ने भारत विरोधी रुख अपनाया- सियांग वार्ता 2.0 के दौरान सुजीत कुमार ने कहा कि बांग्लादेश ने खुले तौर पर भारत विरोधी रुख अपनाया है और अब उसने पाकिस्तान के साथ साझेदारी भी की है। चीन भी मुश्किल हालात में फायदा उठाने की कोशिश करेगा। यही वजह है कि चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश की यह दुष्ट धुरी परेशान करती है। अगर यह धूरी बनती है तो भारत के लिए बहुत चिंताजनक होगा।

मुहम्मद यूनुस ने आंख मूंद रखी- भाजपा सांसद ने कहा कि बांग्लादेश में अवामी लीग के कार्यकर्ताओं, अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं पर हमले निंदनीय है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि बांग्लादेश में स्थिति सामान्य हो। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस ने अल्पसंख्यकों पर हमले के मामले में आंख मूंद रखी है। सुजीत कुमार ने कहा कि बांग्लादेश के घटनाक्रम पर कड़ी नजर है। हम बांग्लादेश में जल्द स्थिति सामान्य होने की उम्मीद करते हैं।

एक चीन नीति को चुनौती- भारत में ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र के उप प्रतिनिधि रॉबर्ट हसीह बोर-हुई ने दिल्ली में सियांग डायलॉग 2.0 में चीन की लंबे समय से चली आ रही एक चीन नीति को चुनौती दी। फॉरेन कॉरेस्पोंडेंट्स क्लब ऑफ साउथ एशिया में रेड लैंटर्न एनालिटिका द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में वैश्विक विशेषज्ञ, नीति निर्माता और शिक्षाविदों ने हिस्सा लिया। यहां उन्होंने दुनिया को आकार देने वाली भू-राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा की।

एक चीन नीति घोटाला है- रॉबर्ट हसीह बोर-हुई ने चीन की वन चाइना पॉलिसी के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने इसे घोटाला करार दिया। उन्होंने कहा कि वन चाइना सिद्धांत यह है कि केवल एक चीन है और पीआरसी चीन की एकमात्र कानूनी सरकार है।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 माघ शुक्ल तृयोदशी


## संपादकीय

# वैश्विक स्तरपर आज मतदाताओं का रुतबा पूरी दुनियां में तेजी से बढ़ रहा है....



वैश्विक स्तरपर आज मतदाताओं का रुतबा पूरी दुनियां में तेजी से बढ़ रहा है,क्योंकि बढ़ते लोकतंत्र की ट्रेंड में मतदाताओं की ताकत इतनी विस्तृत हो गई है कि वह किसी भी नेता, राजनेता, राजनीतिज्ञ को सर पर बिठा सकते हैं तो, जमींदरोज भी कर सकते हैं, राजा से रंग बना सकती हैं, आज इस विषय पर हम इसलिए बात कर रहे हैं,क्योंकि अभी हमने देखे भारत की राजधानी दिल्ली में 5 फरवरी को चुनाव हुए चुनावी महापर्व में 8 फरवरी 2025 को आए परिणामों में देखे कि अबकी बार 27 साल बाद भाजपा को मतदाताओं ने सत्ता का ताज़ पहनाया तो 11 साल से सत्ता का ताज पहना आप पार्टी से छीन लिया,न केवल नकार दिया बल्कि उस पार्टी शीर्ष नेतृत्व नेताओं को भी हार का सामना करना पड़ा हालांकि कुछ महीनो सालों पूर्व ऐसा ही कुछ नज़ारा अभी दुनियां के अन्य विकसित बड़े-बड़े देशों में भी देखना पड़ा था जिसमें अभी- अभी हमने ट्रंप द्वारा 20 जनवरी 2025 को शपथ ग्रहण के रूप में देखें इसके पूर्व में ईरान के राष्ट्रपति चुनाव में 50 प्रतिशत बहुमत किसी पार्टी को ना आने से अगले दौर का चुनाव 5 जुलाई 2024 को निश्चित किया गया था । वहीं फ्रांस में राष्ट्रपति मैक्रो की पार्टी भी पिछड़कर तीसरे नंबर पर आ गई थी,जिसमें दूसरे दौर का चुनाव 7 जुलाई 2024 को हुआ था। इसी तरह दक्षिण अफ्रीका में भी नेल्सन मंडेला की पार्टी 30 वर्षों में पहली बार अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस को संसदीय चुनाव में बहुमत नहीं मिला था। सिर्फ 40 प्रतिशत वोट मिले हैं,इसलिए 1 जुलाई 2024 को नेता रामाफोसा ने दोबारा चुने जाने के लिए गठबंधन का सहारा लिया था। उधर ब्रिटेन में भी भारतीय मूल के पीएम ऋषि सुनक को भी मतदाताओं ने हार का मुंह दिखा दिया था,तो दुनियां के सबसे पुराने लोकतंत्रअमेरिका में भी 5 नवंबर 2024 को पूर्व राष्ट्रपति ट्रंपने बहुमत हासिल किया व 20जनवरी 2025 को शपथ ग्रहण किया और अब 8 जनवरी 2025 को आए रिजल्ट में भाजपा को 48 सीटों के रूप में बहुमत मिला,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दुनियां के मतदाताओं की ताकत का दम,दिल्ली सहित प्रमुख देश की सत्ता बदल दी।मतदाता राजनीतिज्ञों के भाग्य विधाता हैं, हर मतदाता को अपने वोट का इस्तेमाल हाई अलर्ट में रहकर पूर्ण विश्वास से करना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम 8 फरवरी 2025 को आए दिल्ली विधानसभा के चुनाव परिणाम की करें तो,राजधानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह आठ बजेसे मतगणना शुरू हुई। चुनावी मैदान में 70 सीटों के लिए 699 उम्मीदवार थे। चुनाव परिणाम में भाजपा ने 48 सीटें हासिल हैं। आम आदमी पार्टी 22 सीटों पर जीती, जबकि कांग्रेस का खाता तक नहीं खुला। पांच फरवरी को करीब 13 हजार से अधिक बूथों पर कुल 60.54 फीसदी मतदान हुआ था।बता दें कि लगातार तीन बार इस सीट का प्रतिनिधित्व करने वाली दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को 2013 विधानसभा चुनाव में शिकस्त देकर अरविंद केजरीवाल दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुए थे। उन्होंने लगातार तीन बार इस विधानसभा का प्रतिनिधित्व किया।आम आदमी पार्टी को यहां बड़ा झटका लगा है। नई दिल्ली सीट से पूर्व सीएम और आप प्रत्याशी अरविंद केजरीवाल हार गए हैं। भाजपा के प्रत्याशी प्रवेश वर्मा जीत गए हैं। कांग्रेस ने इस सीट से संदीप दीक्षित को चुनावी मैदान में उतारा था। प्रवेश वर्मा ने केजरीवाल को 4089 से हराया है।कालकाजी सीट से आप प्रत्याशी आतिशी चुनाव जीत गई हैं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी को 3521 वोटों से हराया है। बता दें कि कालकाजी सीट सबसे चर्चित सीटों में शामिल है। इस बार आम आदमी पार्टी ने कालकाजी सीट से मुख्यमंत्री आतिशी को टिकट दिया। वहीं कांग्रेस ने पूर्व विधायक अलका लांबा को उतारा।

# सुदामा पांडेय



सुदामा पांडेय धूमिल हिन्दी के समकालीन कवि थे। उनकी कविताओं में आज़ादी के सपनों के मोहभंग की पीड़ा और आक्रोश की सबसे सशक्त अभिव्यक्ति मिलती है। व्यवस्था जिसने जनता को छला है, उसको आइना दिखाना मानो धूमिल की कविताओं का परम लक्ष्य है। इन्हें मरणोपरांत 1979 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

जीवन परिचय- सुदामा पांडेय धूमिल का जन्म 9 नवंबर 1936 को वाराणसी के निकट गाँव खेवली में हुआ था। उनके पूर्वज कहीं दूर से खेवली में आ बसे थे। धूमिल के पिता शिवनायक पांडे एक मुनीम थे व इनकी माता रजवंती देवी घर-बार संभालती थी। जब धूमिल ग्यारह वर्ष के थे तो इनके पिता का देहांत हो गया। आपका बचपन संघर्षमय रहा। धूमिल का विवाह 12 वर्ष की आयु में मूरत देवी से हुआ। 1953 में जब आपने हाईस्कूल उत्तीर्ण किया तो आप गांव के पहले ऐसे व्यक्ति थे जिसने मैट्रिक पास की थी। आर्थिक दबावों के रहते वे अपनी पढ़ाई जारी न रख सके। स्वाध्याय व पुस्तकालय दोनों के बल पर उनका बौद्धिक विकास होता रहा।

कार्यक्षेत्र- रोजगार की तलाश धूमिल को कलकत्ता ले आई। कहीं ढँग का काम न मिला तो लोहा ढोने का काम कया व मजदूरों की ज़िंदगी को करीब से जाना। इस काम की जानकारी उनके सहपाठी मित्र तारकनाथ पांडे को मिली तो उन्होंने अपनी जानकारी में उन्हें एक लकड़ी की कम्पनी मैसर्स तलवार ब्रदर्ज़ प्रा. लि. में नौकरी दिलवा दी। वहाँ वे लगभग डेढ वर्ष तक एक अधिकारी के तौर पर कार्यरत रहे। इसी बीच अस्वस्थ होने पर स्वास्थ्य-लाभ हेतु घर लौट आए। बीमारी के दौरान मालिक ने उन्हें मोतीहारी से गौहाटी चले जाने को कहा। धूमिल ने अपने अस्वस्थ होने का हवाले देते हुए इनकार कर दिया। मालिक का घमंड बोल उठा, आई ऐम पेइंग फॉर माई वर्क, नॉट फॉर योर हेल्थ!

धूमिल के स्वाभिमान पर चोट लगी तो मालिक को खरी-खरी सुना दी,बट आई ऐम वर्किंग फॉर माई हेल्थ, नॉट वोर योर वर्क।

फिर क्या था साढ़े चार सौ की नौकरी, प्रति घन फुट मिलने वाला कमीशन व टी. ए, डी. ए....धूमिल ने सबको लात लगा दी। इसी घटना से धूमिल पूंजीपतियों और मज़दूरों के दृष्टिकोण व फ़ासले को समझे। अब उनका जनवादी संघर्ष उनकी कविता में आक्रोश बन प्रकट होने वाला था। धूमिल को हिंदी कविता के संघर्ष का कवि कहा जाता है। 1957 में धूमिल ने काशी विश्वविद्यालय के औद्योगिक संस्थान में प्रवेश लिया। 1958 में प्रथम श्रेणी से प्रथम स्थान लेकर विद्युत का डिप्लोमा लिया। वहीं विद्युत-अनुदेशक के पद पर नियुक्त हो गए। फिर यही नौकरी व पदोन्नति पाकर वे बलिया, बनारस व सहारनपुर में कार्यरत रहे। 1974 में जब वे सीतापुर में कार्यरत थे तो वे अस्वस्थ हो गये। अपनी स्पष्टवादिता व अखड़पन के कारण उन्हें अधिकारियों का कोपभाजन होना पड़ा। उच्चाधिकारी अपना दबाव बनाए रखने के कारण उन्हें किसी न किसी ढँग से उत्पीड़ित करते रहते थे। यही दबाव धूमिल के मानसिक तनाव का कारण बन गया। अक्टूबर 1974 को असहनीय सिर दर्द के कारण धूमिल को काशी विश्वविद्यालय के मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें ब्रेन ट्यूमर बताया। नवंबर 1974 को उन्हें लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया। यहाँ उनके मस्तिष्क का ऑपरेशन हुआ लेकिन उसके बाद वे कॉमा में चले गए और बेहोशी की इस अवस्था में ही 10 फ़रवरी 1975 को वे काल के भाजक बन गए।

भाषा एवं शैली- धूमिल की भाषा का संबोधनात्मक प्रयोग भी उन्हें तमाम समकालीन मुलम्मेदार व पाण्डित्य-प्रदर्शन-प्रिय कवियों से अलग व एक विशिष्ट पहचान देता है। उनकी कविता नये विम्ब विधान व नये संदर्भों में जनता के संघर्ष के स्वर में स्वर मिलाती है। इस दृष्टि से उनकी काव्यभाषा सामाजिक संरचना के औचित्य को चुनौती देती है। उनके काव्य बिंब अपने परवर्ती कवियों से पृथक हैं। वे अपनी प्रकृति और प्रस्तुति में अद्भुत हैं- धूप मां की गोद सी गर्म थी। कहकर कवि मां की महिमा को सिर माथे स्वीकारता है। छंदविधान की दृष्टि से उनकी लगभग सभी कविताएं गद्यात्मक लय की ओर झुकी हुई हैं। कविता की एकरसता और लंबाई तोडने के उद्देश्य से वे पंक्तियों को छोटा-बडा करते हैं और तुकों द्वारा तालमेल एवं लय स्थापित करते हैं। हिंदी कविता को नए तेवर देने वाले इस जनकवि का योगदान चिरस्मरणीय है और रहेगा।

कृतियाँ- धूमिल के चार काव्य-संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं जिनमें सम्मिलित हैं-

संसद से सड़क तक (इसका प्रकाशन स्वयं धूमिल ने किया था)

कल सुनना मुझे (संपादन - राजशेखर)

धूमिल की कविताएं (संपादन - डॉ. शुकदेव)

सुदामा पाण्डे का प्रजातंत्र (संपादन - रत्नशंकर। रत्नशंकर धूमिल के पुत्र हैं।)

उपरोक्त कृति संसद से सड़क तक का प्रकाशन स्वयं धूमिल ने किया था व शेष का प्रकाशन मरणोपरांत विभिन्न प्रकाशकों द्वारा किया गया।

हिंदी कविता के एंग्री यंगमैन- धूमिल का रहन-सहन इतना साधारण था कि ब्रेन ट्यूमर के शिकार होकर 10 फरवरी, 1975 को वे अचानक मौत से हारे तो उनके परिजनों तक ने रेडियो पर उनके निधन की खबर सुनने के बाद ही जाना कि वे कितने बड़े कवि थे। बनारस के मणिकर्णिका घाट पर उनकी अंत्येष्टि के समय सिर्फ कुंवर नारायण और श्रीलाल शुक्ल पहुंचे थे। अपने आत्मकथ्यों में वे अपनी जिस मृत्यु को अनिश्चित लेकिन दिन में सैकड़ों बार संभव बताते थे, वह उस दिन आयी ही कुछ ऐसे दबे पांव थी। वरिष्ठ कथाकार काशीनाथ सिंह बताते हैं कि औपचारिक उच्च शिक्षा से महरूम धूमिल बाद में कविता सीखने व समझने की बेचैनी से ऐसे 'पीड़ित' हुए कि जीवन भर विद्यार्थी बने रहे। उन्होंने अपने पड़ोसी नागानंद और कई शब्दकोशों की मदद से अंग्रेज़ी भी सीखी, ताकि उसकी कविताएं भी पढ़ व समझ सकें। अलबत्ता, विधिवत अध्ययन की कमी को उन्होंने इस रूप में जीवन भर झेला कि वामपंथी होने के बावजूद न स्त्रियों को लेकर मर्दवादी सोच से मुक्त हो पाये और न गांवों व शहरों के बीच पक्षधरता के चुनाव में सम्यक वर्गीय दृष्टि अपना पाये। अशोक वाजपेयी का संग्रह 'शहर अब भी संभावना है' आया तो उन्होंने यह कहकर उसकी आलोचना की कि शहर तो एक फ्रंट है, वह संभावना कैसे हो सकता है? लेकिन इसका एक लाभ भी हुआ। 'अनौपचारिक जानकारियों' ने उनका बनी-बनाई वाम धारणाओं की कैद से निकलना आसान किये रखा और वे सच्चे अर्थों में किसान जीवन के दुःखों व संघर्षों के प्रवक्ता और सामंती संस्कारों से लड़ने वाले लोकतंत्र के योद्धा कवि बनकर निखर सके।

खाये-पिये और अघाये लोगों की 'क्रांतिकारी' बौद्धिक जुगालियों में गहरा अविश्वास व्यक्त करने में उन्होंने 'सामान्यीकरण' और 'दिशाहीन अंधे गुस्से की पैरोकारी' जैसे गंभीर आरोप भी झेले लेकिन पूछते रहे कि 'मुश्किलों व संघर्षों से असंग' लोग क्रांतिकारी कैसे हो सकते हैं? उनका विश्वास था कि 'चंद टुच्ची सुविधाओं के लालची/अपराधियों के संयुक्त परिवार' के लोग एक दिन खत्म हो जायेंगे और इसी विश्वास के बल से उन्होंने 'अराजक' होना कुबूल करके भी निष्ठा का तुक विष्ठा से नहीं भिड़ाया। कविताओं में वर्जित प्रदेशों की खोज करने और छलिया व्यवस्था द्वारा पोषित हर परम्परा, सभ्यता, सुरुचि, शालीनता और भद्रता की ऐसी-तैसी करने को आक्रामक धूमिल ने अपना छायावादी अर्थध्वनि वाला उपनाम क्यों रखा, इसकी भी एक दिलचस्प अंतर्कथा है। धूमिल ने अपनी छोटी-सी उम्र में ही हिंदी आलोचना का परंपरा से कहानियों की ओर चला आ रहा मुंह घुमाकर कविताओं की ओर कर लेने में सफलता पा ली थी। यह और बात है कि उनकी पहली प्रकाशित रचना एक कहानी ही थी, जो अपने समय की बहुचर्चित पत्रिका 'कल्पना' में छपी थी। वे बनारस में साहित्यकारों के स्वाभिमान के प्रतीक माने जाते थे और जिसमें भी ओछापन देखते उसके खिलाफ हो जाते। कुछ लोग आरोप लगाते हैं कि वे नामवर सिंह के लठैत की तरह काम करते थे।

# तूफानी रफ्तार से चढ़ रहे ये शेयर, 28 दिन में ही 200% तक रिटर्न, कीमत 50 से भी कम



नई दिल्ली (एजेंसी)। साल 2025 शेयर बाजार के लिए अब तक कुछ खास नहीं रहा है। जनवरी महीने में बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई थी। इस दौरान टाटा ग्रुप के ट्रेंट समेत कई शेयरों ने खराब परफॉर्मेंस दिए, जिन्होंने पिछले साल शानदार रिटर्न दिए थे। हालांकि, गिरावट भरे मार्केट में भी शानदार रिटर्न दे रहा है। आज हम आपको कुछ ऐसे शेयर के बारे में बता रहे हैं, जिन्होंने इस साल अब तक 28 कारोबारी दिन में ही शानदार रिटर्न द दिया है।

डीजेएस स्टॉक एंड शेयर्स लिमिटेड- फाइनेंशियल सर्विस कंपनी डीजेएस स्टॉक एंड शेयर्स लिमिटेड के शेयर इस साल अब तक 140त्न तक का रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयर 1 जनवरी को 1.52 रुपये (7 फरवरी 2025 का बंद प्राइस) के भाव पर थे और वर्तमान में इसकी कीमत 3.60 रुपये है। कंपनी स्टॉक ब्रोकिंग, वेल्थ मैनेजमेंट और निवेश परामर्श जैसी सेवाएं प्रदान करती है।

श्री चक्र सीमेंट लिमिटेड- श्री चक्र सीमेंट लिमिटेड डीजेएस स्टॉक एंड शेयर्स लिमिटेड भारत की प्रमुख सीमेंट निर्माता कंपनी है। कंपनी के शेयर इस साल अब तक 3.46 रुपये (1 जनवरी 2025 का बंद प्राइस) से बढ़कर 10.33 रुपये (7 फरवरी 2025 का बंद प्राइस) पर आ गए। इस दौरान इसने करीबन 200त्न तक का रिटर्न दिया है।

हिलटोन सॉफ्टवेयर एंड सॉल्यूशंस लिमिटेड- हिलटोन सॉफ्टवेयर एंड सॉल्यूशंस लिमिटेड यह आईटी सर्विस प्रोवाडर कंपनी है। कंपनी के शेयर इस साल 22 रुपये (1 जनवरी 2025 का बंद प्राइस) से बढ़कर 48.72 रुपये (7 फरवरी 2025 का बंद प्राइस) तक आ गए। इस दौरान इसमें 120त्न तक की तेजी देखी गई।

वी आर वुडार्ट लिमिटेड- वी आर वुडार्ट लिमिटेड वी आर वुडार्ट लिमिटेड लकड़ी के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के निर्माण और आपूर्ति में अग्रणी कंपनी है। कंपनी के शेयर इस साल अब तक 146त्न तक का तगड़ा रिटर्न दिया है। इस दौरान इसकी कीमत 6 रुपये (1 जनवरी 2025 का बंद प्राइस) से बढ़कर 15.64 रुपये (7 फरवरी 2025 का बंद प्राइस) तक पहुंच गई।

## 1 पर 1 बोनस शेयर देगी यह कंपनी, कल फोकस में रहेगा शेयर! 40 का भाव



नई दिल्ली (एजेंसी)। वित्त और गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवा (एनबीएफसी) क्षेत्र की माइक्रोकैप कंपनी कैपिटल ट्रेड लिंक्स ने अपने निवेशकों के लिए 1:1 बोनस इक्विटी शेयर जारी करने की सिफारिश की है। इसका मतलब है कि शेयरधारकों को उनके पास मौजूद प्रत्येक मौजूदा शेयर के लिए एक बोनस शेयर प्राप्त होगा। कंपनी ने अपनी एक्सचेंज फाइलिंग में पूरी जानकारी दी है। कंपनी के शेयर बीते शुक्रवार को 2त्न तक चढ़कर 40.64 रुपये पर पहुंच गए थे। कल सोमवार को कंपनी के शेयर फोकस में रह सकते हैं।

कंपनी ने पिछली पांच तिमाहियों में अपना हाई ऐकस-पूर्व लाभ (पीबीटी) 2.89 करोड़ दर्ज किया, जो संभावित लाभप्रदता में सुधार का संकेत है। हालांकि, शुद्ध बिक्री गिरकर 6.43 करोड़ हो गई, जो पिछली चार तिमाहियों के औसत 7.85 करोड़ से 18.1त्न कम है। कर पश्चात लाभ (पीएटी) भी 9.5त्न गिरकर 2.22 करोड़ हो गया, जबकि पिछली तिमाही का औसत 2.45 करोड़ था। कुल मिलाकर, बिक्री और शुद्ध लाभ का रुझान कमजोर बना हुआ है, जो कंपनी के लिए निकट अवधि की चुनौतियों का संकेत देता है। कैपिटल ट्रेड लिंक्स एक वित्तीय सेवा फर्म है जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार परामर्श, मुकदमेबाजी सहायता और आर्थिक विश्लेषण सेवाएं प्रदान करती है।

## कंपनी को वीकेंड पर विदेश मिला 3251 करोड़ का ऑर्डर, अब कल फोकस में रहेंगे शेयर, 600% तक चढ़ चुका है भाव



नई दिल्ली (एजेंसी)। वाटर टेक्नोलॉजी मल्टीनेशनल कंपनी वीए टेक वाबाग के शेयर कल सोमवार को कारोबार के दौरान फोकस में रह सकते हैं। दरअसल, कंपनी ने एक बड़े ऑर्डर की जानकारी दी है। वीए टेक वाबाग को सऊदी अरब के रियाद में 200 मेगालीटर प्रति दिन (एमएलडी) इंडिपेंडेंट सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (आईएसटीपी) के विकास के लिए 371 मिलियन (लगभग 3,251 करोड़) का कंसोर्टियम ऑर्डर मिला है। कंपनी ने शनिवार, 9 फरवरी, 2025 को इसकी जानकारी दी है। कंपनी के शेयर बीते शुक्रवार को 1365.90 रुपये पर बंद हुए थे।

कंपनी इस प्रोजेक्ट में मियाहोना कंपनी, माराफिक और एन.वी. बेसिक्स एस.ए. के साथ सहयोग करेगी। यह सीवेज ट्रीटमेंट सर्विसेज और निवासियों के लिए जीवन की क्वालिटी में सुधार के लिए सऊदी अरब के विजन 2030 का हिस्सा है। WABAG इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) कंसोर्टियम में प्रौद्योगिकी पार्टनर्स और लीडर के रूप में कार्य करेगा, जो आईएसटीपी के डिजाइन और निर्माण के लिए जिम्मेदार है, जबकि मुतलाक अल-घोवैरी कॉन्ट्रैक्टिंग कंपनी (एमजीसी) ट्रांसमिशन पाइपलाइन और जलाशय निर्माण का काम संभालेगी।

कंपनी के शेयर बीते पांच दिन में 3त्न चढ़ा है और एक महीने में 8त्न तक गिरा है। छह महीने में इसने 10त्न चढ़ा है और इस साल अब तक 17 पर्सेंट गिरा है। हालांकि, सालभर में यह शेयर 105त्न तक चढ़ गया। पांच साल में इसमें 600त्न तक की तेजी आई है। कंपनी के शेयरों का 52 वीक का हाई प्राइस 594.80 रुपये और 52 वीक का लो प्राइस 252.68 रुपये है। इसका मार्केट कैप 6,595 करोड़ रुपये है।

## 7 के शेयर में तूफानी तेजी, 2400% चढ़ गया भाव, अजय देवगन के पास भी हैं कंपनी के 1 लाख शेयर



नई दिल्ली (एजेंसी)। पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल लिमिटेड के शेयर इन दिनों लगातार फोकस में हैं। कंपनी के शेयर बीते शुक्रवार को कारोबार के दौरान 9त्न तक चढ़ गए थे। इसी के साथ यह 201.20 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गया। हालांकि, बाद में इसमें कुछ मुनाफावसूली हुई और यह 195.40 रुपये पर बंद हुआ। बता दें कि कंपनी के शेयर बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन के पास कंपनी के 1 लाख शेयर हैं। यह 1.41 फीसदी हिस्सेदारी है।

13 फरवरी को बोर्ड मीटिंग

पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल लिमिटेड के शेयरों में तेजी के पीछे एक अपडेट है। दरअसल, कंपनी ने शेयर बाजार को बताया है कि उसके बोर्ड मीटिंग की बैठक अगले सप्ताह होने वाली है। पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल लिमिटेड ने बीएसई को सूचित किया है कि कंपनी के बोर्ड मेंबर की बैठक 13 फरवरी 2025 को तय किया गया है। इसमें अन्य बातों के अलावा, सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के अनुसार 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अन-ऑडिटेड वित्तीय परिणाम (स्टैंडअलोन और समेकित) पर विचार और अप्रूवल शामिल है।

# 50 के पार जा सकता यह पावर शेयर, लगातार चढ़ रहा भाव, कंपनी पर नहीं है अब एक रुपये का भी कोई कर्ज



नई दिल्ली (एजेंसी)। अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर के शेयर बीते सप्ताह लगातार फोकस में थे। 7 फरवरी को यह शेयर 3त्न तक चढ़कर 43.39 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। हालांकि, बाद में इसमें कुछ मुनाफावसूली हुई और यह 1त्न से अधिक की गिरावट के साथ 41.82 रुपये पर बंद हुआ था। इससे पहले के सत्र में इसमें 10% तक की तेजी भी देखी गई। दरअसल, कंपनी के शेयरों में तेजी दिसंबर तिमाही के शानदार नतीजों के बाद आई।

रिलायंस पावर के पिछले सप्ताह गुरुवार को अक्टूबर-दिसंबर तिमाही नतीजों का ऐलान किया था। इसी दिन यह शेयर 9% से अधिक चढ़ गया था। दरअसल, अनिल अंबानी की अगुवाई वाले रिलायंस समूह की कंपनी रिलायंस पावर का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 41.95 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 1,136.75 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय बढ़कर 2,159.44 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 1,998.79 करोड़ रुपये थी।

चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का खर्च 2,109.56 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के 3,167.49 करोड़ रुपये से कम है। एक बयान में कंपनी ने कहा कि उसने जीरो बैंक कर्ज का दर्जा प्राप्त कर लिया है, जिसका मतलब है कि उस पर किसी भी बैंक चाहे वह निजी हो या सार्वजनिक का कोई बकाया बाकी नहीं है।

सेंट्रम ब्रोकिंग में इक्विटी रिसर्च टेक्निकल एंड डेरिवेटिव्स के सहायक उपाध्यक्ष (एवीपी) नीलेश जैन ने कहा, रिलायंस पावर का शेयर 48.5-50 रुपये पर पहुंच सकता है। उन्होंने कहा, 43-42.5 रुपये तक कुछ गिरावट का इंतजार करना बेहतर है। यह एक अच्छा एंट्री प्वाइंट हो सकता है। लंबी स्थिति के लिए स्टॉप लॉस 40.5 रुपये से नीचे रखा जाना चाहिए।

## इस साल रेपो रेट में 75 आधार अंक की कटौती की उम्मीद



नई दिल्ली (एजेंसी)। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने एक नोट में कहा है कि आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) कैलेंडर वर्ष 2025 के दौरान रेपो रेट में 75 आधार अंकों की कटौती कर सकती है।

नोट में कहा गया है कि आरबीआई दर कटौती चक्र पर काम कर रहा है। ऐसे में यह उम्मीद की जा सकती है कि और भी कटौती की जाएगी। हालांकि, इसके समय पर बहस हो सकती है।

क्या कहते हैं अर्थशास्त्री?

बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्री सोनल बधान ने कहा कि कुल मिलाकर हम इस कैलेंडर वर्ष में 75 आधार अंकों की कटौती का अनुमान लगा रहे हैं। अप्रैल की बैठक में आर्थिक स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उजैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# डिंडौरी में शिकारियों के घरों के नीचे मिला 1500 किलो गांजा, अब जेसीबी से हो रही खुदाई



शहपुरा। वाइल्ड लाइफ के मोस्ट वांटेड शिकारियों को गिरफ्तार करने गई एसटीएफ और वन विभाग शहपुरा की टीम को भारी मात्रा में गांजे का जखीरा मिला है।

आरोपितों के घर के नीचे छुपाया गया गांजा जब्त किया जा रहा है। आरोपितों के घरों की जेसीबी से खुदाई की जा रही है।

अब तक तीन करोड़ से अधिक का गांजा बरामद किया जा चुका है। इस संबंध में शहपुरा रेंजर जगदीश वास्पे ने बताया कि तीन मोस्ट वांटेड आरोपितों के गांव में छुपे होने की सूचना थी। रविवार की सुबह शहपुरा थाना अंतर्गत ग्राम पड़रिया धनगांव में जब घर में टीम ने सर्चिंग अभियान चलाया तो यहां पैकेट में भरे गांजे मिलना शुरू हुआ। 12 साल पहले आकर बसे और सांठगांठ कर आधार कार्ड भी बनवा लिए

बताया गया कि लगभग 12 वर्ष पहले बहेलिया जनजाति के लोग जिले के पड़रिया धनगांव में आकर बसे हैं। उन्होंने यहां आकर घर बनाने के साथ सांठगांठ कर आधार कार्ड सहित सरकारी दस्तावेज भी बनवा लिए हैं। सभी आरोपितों के घर से गांजे का जखीरा मिल रहा है। सर्चिंग के दौरान देसी बम, शिकार के लिए उपयोग होने वाला फंदा सहित धारदार हथियार और आपत्तिजनक सामग्री भी जब्त की जा गई है। टीम ने 13 रेसर बाइक भी जब्त किया है। थाना मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर दूर चल रहे इस बड़े गिरोह का शहपुरा पुलिस को भनक तक न लगना गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

थाना प्रभारी को तुरंत किया निलंबित- इस पूरे मामले में थाना प्रभारी शिवलाल मरकाम की भूमिका संदिग्ध सामने आने पर पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय जांच करने की बात भी कही है। बताया गया कि अभी भी जेसीबी से खुदाई चल रही है और लगातार गांजा मिल रहा है।

1500 किलो से अधिक गांजा अब तक जब्त हो चुका है। बड़ी संख्या में अब पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में कड़ी कार्रवाई होगी। इस पूरे मामले में गंभीर सवाल यह खड़े हो रहे हैं कि बरसों से चल रहे इस बड़े गिरोह का पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। साठगांठ कर किसने दस्तावेज बनवा दिए। इस पर भी बड़े स्तर पर जांच करने की मांग की जा रही है।

# यूका कचरे के निष्पादन को लेकर उठे भ्रम पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दी तथ्यात्मक जानकारी

धार। यूका कचरे के निष्पादन को लेकर उठे विभिन्न सवालों और भ्रांतियों पर मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने स्पष्ट किया कि इस संबंध में सभी वैज्ञानिक पहलुओं पर जवाब दिए गए हैं और आमजन तक सही जानकारी पहुंचाने के लिए पेम्फलेट भी जारी किए गए हैं। क्या रामकी प्लांट यूका कचरे के निष्पादन के लिए योग्य नहीं है? बोर्ड ने बताया कि मेसर्स पीथमपुर वेस्ट मैनेजमेंट प्रा. लि., धार को खतरनाक अपशिष्ट के सुरक्षित निस्तारण के लिए स्थापित किया गया है और यह केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाइडलाइंस के अनुरूप कार्य करता है।

क्या प्लांट शून्य निस्त्राव प्रणाली पर आधारित नहीं है? स्क्क्ष्टक्र के अनुसार, यह प्लांट शून्य निस्त्राव पद्धति पर काम करता है और इसमें जल उत्सर्जन नहीं होता। दिसंबर 2024 में छ्क्क्ष्टक्र द्वारा की गई जांच में भी कोई जहरीला रसायन नहीं पाया गया। क्या इनसिनरेटर में डीजल और पानी की अधिक खपत होगी? बोर्ड ने स्पष्ट किया कि इनसिनरेटर में डीजल और पानी की खपत कचरे की मात्रा के आधार पर होगी और जरूरत के अनुसार ही इसका उपयोग किया जाएगा।

ज्ञस्छ्स्न प्लांट की दूरी को लेकर क्या विवाद है? बोर्ड ने बताया कि ॉढ्ढस्स्-25 गाइडलाइंस के अनुसार, 200 मीटर की दूरी पर्याप्त है और इसमें किसी नियम का उल्लंघन नहीं हो रहा है।

क्या प्लांट में वायु प्रदूषण नियंत्रण के पर्याप्त उपाय नहीं हैं? बोर्ड के अनुसार, प्लांट में स्प्रे ड्रायर, मल्टी-साइक्लोन, स्क्रबर, बैग फिल्टर, चिमनी आदि आधुनिक वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरण स्थापित हैं।

क्या 10 साल पहले सरकार ने इस कचरे को जलाने से इनकार कर दिया था? बोर्ड ने बताया कि 10 साल पहले ही सरकार ने न्यायालय के निर्देश पर 10 टन कचरे का सुरक्षित निष्पादन किया था।

क्या रामकी प्लांट के कारण पीथमपुर क्षेत्र में बीमारियां फैल रही हैं? स्क्क्ष्टक्र के अनुसार, इस दावे का कोई वैज्ञानिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है और यह पूरी तरह आधारहीन है।

क्या यूका कचरा कोबरा सांप जितना जहरीला है? बोर्ड ने इसे गलत बताते हुए कहा कि छ्क्क्ष्टक्र ने कचरे की कैरेक्टराइजेशन टेस्टिंग करवाई है और ये बात ग़लत है।

क्या रामकी प्लांट डायऑक्सिन और फ्लूरोन गैस जलाने के लिए सक्षम नहीं है? बोर्ड ने बताया कि डायऑक्सिन और फ्लूरोन 400-450एष्ट पर उत्पन्न होते हैं, जबकि प्लांट में कचरा 850एष्ट से अधिक तापमान पर जलाया जाता है, जिससे ये तत्व प्रभावी रूप से नष्ट हो जाते हैं।

क्या भारत में ऐसा कोई इनसिनरेटर नहीं है जो यूका कचरे को जला सके? स्क्क्ष्टक्र ने बताया कि यह दावा गलत है। 2015 में इसी प्लांट में 10 टन यूका कचरा जलाकर सफल निष्पादन किया गया था।

## महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, 2 हादसों में 4 की मौत

सतना। चित्रकूट मार्ग पर बोलेरो और पिकअप वाहन की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। सड़क हादसे में 10 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में मां-बेटे और नाना शामिल हैं। हादसा सतना-चित्रकूट स्टेट हाईवे पर बड़े हनुमानजी के मंदिर के पास शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे हुआ। टक्कर के बाद पिकअप वाहन पलट गया और उसमें लदा सामान सड़क पर बिखर गया। मझगवां थाना प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे ने बताया कि बोलेरो में दमोह के लोग सवार थे, जो प्रयागराज महाकुंभ से चित्रकूट होकर वापस लौट रहे थे। पिकअप वाहन में सवार लोग जबलपुर से प्रयागराज जा रहे थे। पिकअप में सवार लोगों में से ही तीन की मौके पर ही मौत हो गई।

मैहर के पास भी हादसा, एक की मौत - प्रयागराज से महाकुंभ स्नान करके वापस लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी एक कार मैहर जिले में एनएच-30 पर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में एक वृद्धा की मौत हो गई। कार में सवार अन्य लोग बुरी तरह से घायल हो गए, जिनको उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यह हादसा अमरपाटन थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर में हुआ। घायलों की हालत गंभीर है, इसलिए उनके व मृतिका के बारे में कुछ भी पता नहीं चल पाया है। कार के नंबर के आधार पर पुलिस मृतका की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।

## लाड़ली बहनों के खातों में डाले जाएंगे 1,553 करोड़ रुपये, 81 लाख किसानों को भी तोहफा



भोपाल। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव सोमवार को देवास जिले की सोनकच्छ तहसील के ग्राम पीपलरावां में एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1,553 करोड़ रुपये अंतरित करेंगे।

81 लाख हितग्राही किसानों को 1,624 करोड़- इसी तरह सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 56 लाख हितग्राहियों के खाते में 337 करोड़ रुपये और किसान कल्याण योजना में 81 लाख हितग्राही किसानों के खाते में 1,624 करोड़ रुपये सिंगल क्लिक के माध्यम से जमा कराए जाएंगे।

विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास- कार्यक्रम में मुख्यमंत्री 144 करोड़ के 53 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी होगा। इसमें 102 करोड़ रुपये के 37 विकास कार्यों का लोकार्पण और 42 करोड़ रुपये के 16 विकास कार्यों का शिलान्यास शामिल हैं। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को भी हितलाभ वितरित किया जाएगा।

## पत्नी की हत्या करने वाले अभियुक्तगण को सुसनेर न्यायालय ने आजीवन कारावास व 2000 रूपयें जुर्माने से दण्डित किया

सुसनेर। पत्नी की हत्या करने वाले अभियुक्तगण को सुसनेर न्यायालय अपर सत्र न्यायालय पंकज कुमार वर्मा सुसनेर ने आजीवन कारावास और कुल 2000 रूपयें जुर्माने से दण्डित किया।

एजीपी (शासकीय अधिवक्ता) मुकेश जेन चोधरी सुसनेर ने 7 फरवरी शुक्रवार को प्रेस नोट जारी कर बताया कि दिनांक 15/1/24 को प्रआर हेमंतसिह सिसोदिया के द्वारा अपराध क्रमांक 0/24 धारा 302 की देहाती नालसी इस आशय की पेश की गई कि थाना सुसनेर पर सूचनाकर्ता मेहरबानसिंह पिता घीसुसिंह जाति सोंधिया 28 साल नि ग्राम पिपल्यानानकार ने घटना स्थल (आरोपी प्रेमसिंह सोंधिया नि ग्राम पिपल्यानानकार का घर) पर बताया कि उसे सुबह करीबन आठ से साढे आठ बजें में घर के बाहर उसका भाई प्रेमसिंह मिला जिसने उसे बताया कि कल रात में उसका उसकी पत्नी प्रेमबाई से बिना बतायें घर से जाने की बात पर विवाद हो गया था जिसमें उसने उसकी पत्नी को लकडी से मारा था जिससे उसकी पत्नी की मौत हो गई ऐसी सूचना पर उसने भाई प्रेमसिंह के घर जाकर देखा तो घर में साडियों के पास बने कमरें में रखे पलंग पर प्रेमबाई की लाश रजाई के अंदर पडी हुई मिली।

थाना सुसनेर पर अपक्र 14/24 पर धारा 302,323,34 भादवि के अंतर्गत पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में विवेचना निरी अनिल कुमार मालवीय, उनि दीपक विश्वकर्मा , सउनि गोविंद सिंह के द्वारा की गई।

जहाँ से न्यायालय ने एजीपी मुकेश जैन चैधरी के तर्कों से सहमत होते हुए अभियुक्त को निम्नानुसार दण्ड से दण्डित किया

(1) अभियुक्त 1- प्रेमसिंह पिता घीसुसिंह 30 साल नि पिपल्यानानकार जिला आगर मालवा मप्र

धारा, दण्ड - 302,34 भादवि

आजीवन कारावास तथा 1000 रू अर्थदण्ड , अर्थदण्ड के व्यतिक्रम में 01 माह का कारावास



# इंदौर पुलिस ने अपहरण की वारदात का किया पर्दाफाश, 24 घंटे में बालक को छुड़ाकर आरोपियों को किया गिरफ्तार



इंदौर। पुलिस थाना परदेशीपुरा ने अपहरण की घटना का खुलासा करते हुए 24 घंटे के भीतर अपहृत बालक को मुक्त कराकर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने कार डील का झांसा देकर बालक को जयपुर बुलाकर बंधक बना लिया था और उसके पिता से दो लाख रुपये फिरौती की मांग की थी।

घटना का विवरण- दिनांक 06/02/2025 को फरियादी ने थाना परदेशीपुरा पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि उसके पुत्र राहुल को कुछ अज्ञात लोगों ने बंधक बना लिया है। उसे एक फोन कॉल आया, जिसमें राहुल को छोड़ने के बदले दो लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करने की मांग की गई, अन्यथा उसे जान से मारने की धमकी दी गई। इस सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए धारा 140(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

तेजी से हुई पुलिस कार्रवाई- घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित सिंह के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त ज़ोन-02 श्री अभिनय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री अमरेंद्र सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त श्री नरेंद्र रावत के निर्देशन में थाना प्रभारी आर.डी. कानवा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।

तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस टीम जयपुर रवाना हुई, जहां त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृत बालक को सकुशल मुक्त करा लिया गया और दो अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में विशाल देवजाणी (21) निवासी जगदंबा नगर, जयपुर और वीरेन्द्र यादव (24) निवासी फोटपुतली, जयपुर शामिल हैं।

ऐसे दिया वारदात को अंजाम- आरोपी सोशल मीडिया के जरिए संपर्क कर पुरानी गाड़ियों की खरीद-फरोख्त की डील कराने का लालच देते थे। कमीशन का झांसा देकर पहले ऑनलाइन पेमेंट करवाते और फिर डील के नाम पर धोखाधड़ी करते। इस मामले में भी आरोपियों ने राहुल को जयपुर बुलाकर बंधक बना लिया और फिरौती की मांग की।

पुलिस की सराहनीय कार्रवाई

आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी है। साथ ही पुलिस अन्य मामलों में भी इनकी संलिप्तता की जांच कर रही है।

इस सफल अभियान में थाना प्रभारी परदेशीपुरा निरीक्षक आर.डी. कानवा, उपनिरीक्षक अनार सिंह, प्रधान आरक्षक भूपेंद्र सिंह, देवेंद्र यादव, राजकुमार दुबे, संतोष तिवारी, आरक्षक जयवेंद्र गुर्जर, साइबर सेल प्रधान आरक्षक प्रवीण एवं आरक्षक विनीत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इंदौर पुलिस की इस तत्परता ने न सिर्फ एक बालक की जान बचाई बल्कि अपराधियों को भी सलाखों के पीछे पहुंचाकर शहरवासियों में सुरक्षा की भावना मजबूत की।

## एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड स्कीम में कृषकों को 3 प्रतिशत ब्याज की छूट

इंदौर। एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड स्कीम केन्द्र सरकार द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य देश में कृषि अवसंरचना का विकास एवं विस्तार करना है। इस योजना के माध्यम से कृषक, कृषि अवसंरचना निर्माण के लिये बैंक से प्राप्त राशि रुपये 2 करोड़ तक के ऋण पर 3 प्रतिशत ब्याज छूट का लाभ सात वर्षों के लिए से सकते है।

इस योजना के अंतर्गत वेयरहाउस, साइलोस, कस्टम हायरिंग सेंटर, कोल्ड स्टोरेज, सॉर्टिंग व ग्रेडिंग इकाई, प्राथमिक प्र-संस्करण इकाई, एयरोफोनिक फार्मिंग, हायड्रोफोनिक फार्मिंग, वर्टिकल कार्मिंग, मशरूम फार्मिंग, स्मार्ट प्रिसीजन फार्मिंग के लिये अवसंरचना निर्माण की जा सकती हैं। योजनांतर्गत मध्यप्रदेश को वर्ष 2025-26 तक 7440 करोड़ रूपये का लक्ष्य दिया गया है। जिसके विरुद्ध 7,804 करोड़ रूपये के कुल 10.860 प्रकरण स्वीकृत किए जा चुके हैं, जो कि देश के सभी राज्यों में सर्वाधिक है। इसके अतिरिक्त कुल 10.047 प्रकरणों में 5978 करोड़ रुपये का डिसबर्समेंट किया जा चुका है जो अन्य राज्यों की अपेक्षा कहीं अधिक है।

केन्द्र सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में मध्यप्रदेश को 500 करोड़ रूपये का लक्ष्य दिया गया था जिसके विरुद्ध 1240 करोड़ रूपये के कुल 2152 प्रकरण स्वीकृत किये जा चुके हैं जो कि आवंटित लक्ष्य का 248 प्रतिशत है। साथ ही कुल 1745 प्रकरणों में 721 करोड़ रूपये का डिसबर्समेंट किया जा चुका है। केन्द्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का देश में सर्वोत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए मध्यप्रदेश को वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में अवार्ड से सम्मानित भी किया गया है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर इंदौर में जश्न, राजवाड़ा पर कार्यकर्ताओं ने मनाया उत्सव

इंदौर। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में भाजपा इंदौर नगर, जिला एवं भाजयुमो द्वारा राजवाड़ा पर भव्य जश्न मनाया गया। इस अवसर पर विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, सुदर्शन गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा एवं प्रदेश सह मीडिया प्रभारी टीनू जैन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा और जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने विधायक मेंदोला, शुक्ला और पूर्व विधायकों को लड्डू खिलाकर जीत की खुशी साझा की। इसके पश्चात, कार्यकर्ताओं एवं राहगीरों का मुंह मीठा कराकर बधाई दी गई। महिला कार्यकर्ताओं ने ढोलक की थाप पर नृत्य किया, वहीं युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने मोदी-मोदी के नारों के साथ सांकेतिक रूप से आतिशबाजी कर हर्ष प्रकट किया।

इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व, नीतियों और विकास पर विश्वास जताते हुए भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई है। झूठ, फरेब और भ्रष्टाचार की राजनीति को नकारते हुए जनता ने विकास के एजेंडे पर मोहर लगाई है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने कहा कि दिल्ली का दिल भाजपा और नरेंद्र मोदी जी के साथ था। जनता ने यह साबित कर दिया कि उनके दिल में केवल प्रधानमंत्री मोदी हैं। यह जीत दिल्ली के कार्यकर्ताओं की मेहनत, जनता के विश्वास और मोदी जी के नेतृत्व में हो रहे चहुंमुखी विकास की जीत है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेत्री अंजू माखीजा, सूरज केरो, रामदास गर्ग, मुकेश राजावत, पद्मा भोजे, विजय मालानी, श्रेष्ठा जोशी, महेश पालीवाल, भाजयुमो नगर अध्यक्ष सौगात मिश्रा सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। भाजपा की इस जीत को कार्यकर्ताओं ने जनता की आस्था एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की विजय करार दिया और उत्साहपूर्वक जीत का जश्न मनाया।

## स्कूलों की कॉपी-क़िताबों और यूनिफार्म के संबंध में मोनोपोली समाप्त करने के संबंध में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

इंदौर। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री आशीष सिंह ने कॉपी, किताबों और यूनिफार्म के संबंध में (एकाधिकार) मोनोपोली समाप्त करने के संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 (1) (2) के तहत् प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। इससे स्कूल संचालकों, प्रकाशकों एवं विक्रेताओं की एकाधिकार प्रवृत्ति को खत्म किया जा सकेगा तथा लोक प्रशान्ति विक्षुब्ध होने से रुकेगी।



यह प्रतिबंधात्मक आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इसका उल्लंघन करने वाले व्यक्ति, संस्था के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। स्कूलों द्वारा उक्त आदेश को नहीं मानने पर संबंधित स्कूल के प्राचार्य, संचालक के साथ ही स्कूल के प्रबंधन बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के समस्त सदस्य भी दोषी होंगे।

जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार विद्यालय संचालक/प्राचार्य स्कूल में संचालित प्रत्येक कक्षा के लिये अनिवार्य पुस्तकों की सूची/यूनिफार्म की जानकारी विद्यालय के परीक्षा परिणाम जारी होने के पूर्व ही अपने स्कूल की वेबसाईट पर अनिवार्य रूप से अपलोड करेंगे एवं विद्यालयीन परिसर में सार्वजनिक पटल/स्थान पर चस्पा करेंगे। विद्यालय संचालक/ प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को पुस्तकें एवं कापियां, सम्पूर्ण यूनिफार्म आदि सम्बन्धित स्कूल/संस्था अथवा किसी एक दुकान/विक्रेता/संस्था विशेष से क्रय किये जाने हेतु बाध्य नहीं किया जायेगा। मान्यता नियमों के अन्तर्गत स्कूल की स्वयं की वेबसाईट होना अनिवार्य है। स्कूल के प्राचार्य संचालक पुस्तकों की सूची की एक प्रति प्रवेशित अभिभावकों को प्रवेश के समय एवं परीक्षा परिणाम के समय आवश्यक रूप से उपलब्ध करायेंगे एवं कम से कम 03 पुस्तक/यूनिफार्म विक्रेताओं का नाम सत्र प्रारंभ होने के 01 माह पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे। विद्यालय संचालक/प्राचार्य विद्यार्थी एवं उनके अभिभावकों को सूचीबद्ध पुस्तकें परीक्षा परिणाम अथवा उसके पूर्व क्रय हेतु बाध्य नहीं करेंगे। अभिभावक पुस्तकों की उपलब्धता के आधार पर 30 अप्रैल 2025 तक क्रय कर सकेंगे। समस्त विद्यालय पाठ्यक्रम के संबंध में नियामक संस्था/बोर्ड समस्त विद्यालय पाठ्यक्रम के संबंध (सीबीएसई/ आईसीएसई/एम.पी.बीएसई/ माध्यमिक शिक्षा मण्डल) आदि के द्वारा जारी निर्देशों का पालन करेंगे। विद्यालय संचालक/प्राचार्य/पालक शिक्षक बैठक (क्रुञ्ञ.रु) में सुनिश्चित् करेंगे कि किसी भी स्थिति में पुस्तकों के निजी प्रकाशक/मुद्रक/ विक्रेता स्कूल परिसर के भीतर प्रचार प्रसार हेतु प्रवेश नहीं करें। विद्यालय संचालक/प्राचार्य विक्रेता द्वारा पुस्तकों के सेट की कीमत बढ़ाने हेतु अनावश्यक सामग्री जो निर्धारित पाठ्यक्रम से संबंधित नहीं है, का समावेश सेट में नहीं किया जायेगा। कोई भी विक्रेता किसी भी कक्षा के पूरे सेट को क्रय करने की बाध्यता नहीं रखेगा। यदि किसी विद्यार्थी को पुरानी किताबें उपलब्ध हो तो उसे जिसकी आवश्यकता है, केवल उन किताबों को विक्रेता द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। विद्यालय प्रशासन द्वारा यूनिफार्म का निर्धारण इस प्रकार किया जायेगा कि कम से कम 3 वर्ष तक उसमें परिवर्तन न हो।नोट्स बुक (कॉपी) पर ग्रेड, किस्म, साइज, मूल्य, पृष्ठ संख्या की जानकारी स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। किसी भी पुस्तक अथवा कापी पर विद्यालय का नाम मुद्रित नहीं किया जायेगा तथा इन पर चढ़ाने वाले कवर पर विद्यालय नाम को मुद्रित नहीं किया जायेगा।

## कान्ह नदी में औद्योगिक प्रदूषण को लेकर निगम की सख्त कार्यवाही

इंदौर। निगमायुक्त शिवम् वर्मा के निर्देश पर कान्ह नदी में बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण को रोकने के लिए नगर निगम द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। निगमायुक्त शिवम् वर्मा एवं अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया के निर्देशानुसार जोन-18 की टीम ने पालदा एवं उद्योग नगर क्षेत्र में 03 औद्योगिक इकाइयों द्वारा हानिकारक केमिकल को सीवर लाइन में प्रवाहित करने पर चालानी कार्यवाही की। इस दौरान कैंडी लेक न्यूट्रीशनिस्ट, सुप्रीम फूड प्रोडक्ट्स और ईश्वरी फूड प्रोडक्ट्स पर कुल 70,000 का चालान किया गया। इस कार्यवाही में झोनल अधिकारी निर्माता हिन्दोलिया, सीएसआई विनय मिश्रा, उपयंत्री अमित यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अनुमति निरस्त करने की कार्रवाई होगी- जिन औद्योगिक इकाइयों द्वारा चालान की राशि जमा नहीं की जाएगी।

**जय श्री महाकाल ...**



ॐ हौं जूं सः ॐ भूर्भुवः स्वः ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ॐ स्वः भुवः भूः ॐ सः जूं हौं ॐ भूतभावन श्री महाकालेश्वर महाराज सभी को आरोग्यता प्रदान करें !

# सिंहस्थ 2028 निर्माण कार्य कलेक्टर श्री सिंह ने गत दिवस सिलारखेड़ी बांध, छायन में क्लॉज डक्ट और नलवा में नवीन कास्टिंग यार्ड का निरीक्षण





उज्जैन । सिंहस्थ 2028 को सफलतापूर्वक आयोजित करवाने हेतु जिले में विभिन्न अधोसंरचना विकास के कार्य प्रगतिरत है। सिंहस्थ 2028 में साधु संत और श्रद्धालुओं का स्नान मां क्षिप्रा के जल से सुनिश्चित करने व मां क्षिप्रा को स्वच्छ व निर्मल रखने कान्ह क्लॉज डक्ट परियोजना, सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना, हरियाखेड़ी परियोजनाओं पर एकीकृत रूप से कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह द्वारा सभी योजनाएं गुणवत्तापूर्वक व समयावधि में पूर्ण करवाने दृष्टिगत निर्माण कार्यो की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।

इसी क्रम में कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह द्वारा शनिवार शाम सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना अंतर्गत प्रगतिरत सिलारखेड़ी बांध के उन्नयन के कार्य का निरीक्षण किया गया। सिलारखेड़ी बांध में अभी कटऑफ ट्रेंच के खुदाई का कार्य प्रगतिरत है। कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान कार्य की गति बढ़ाने व गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके पश्चात कलेक्टर श्री सिंह ने कान्ह क्लॉज डक्ट परियोजना अंतर्गत छायन में क्लॉज डक्ट की लेयिंग के कार्य का निरीक्षण किया और परियोजनांतर्गत कास्टिंग कार्य की गति बढ़ाने नलवा में स्थापित नवीन कास्टिंग यार्ड का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जयति सिंह, कार्यपालन यंत्री डब्ल्यूआरडी श्री मयंक सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अम्बोदिया में लगा माधव सेवा न्यास धन्वन्तरि आरोग्य का स्वास्थ्य जांच शिविर




उज्जैन। माधव सेवा न्यास धन्वन्तरि आरोग्य, स्वास्थ्य जांच शिविर अंतर्गत 9 फरवरी रविवार को अंबोदिया में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें अंबोदिया और आसपास के गांवों से 130 लाभार्थियों ने चिकित्सा जांच एवं निःशुल्क दवाई का लाभ लिया।

इस अवसर पर न्यास के सचिव विपिन आर्य, दिलीप झंवर वि. नगर संघचालक, ग्राम के प्रमुख ईश्वर सिंह पटेल पूर्व सरपंच, गोरधन सिंह पूर्व सरपंच, बद्रीलाल बेरावत पूर्व जनपद सदस्य, दुलेसिंह गरासिया पुरीखेड़ा, नंदकिशोर गिरी पुजारी बिलकेश्वर महादेव मंदिर, कौशल जोशी, प्रबंधन टोली अनिल मकवाना, रवि पटेल, विष्णु दास बैरागी, गोरधन सिंह आदि उपस्थित रहे। सम्पूर्ण चिकित्सा जाँच वैद्य एस एन पांडे, वैद्य हेमन्त रावल, वैद्य राजेश जोशी, वैद्य विनोद बैरागी, वैद्य चंद शर्मा, वैद्य एम पी चतुर्वेदी एवं विक्रांत तिवारी, लालचंद जूनवाल, धर्मेंद्र शर्मा आदि कुशल सहायको के मार्ग दर्शन में सम्पन्न हुई। न्यास सचिव विपिन आर्य ने न्यास द्वारा संचालित सेवा कार्यो का परिचय देते हुए सेवा के क्षेत्र में न्यास के योगदान को एक महत्वपूर्ण कार्य बताया। ईश्वर सिंह पटेल ने शिविर में पधारें सभी डॉक्टर्स, न्यास के पदाधिकारी, उपस्थित गांव वासी एवं सभी व्यवस्था में लगे कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त जानकारी न्यास प्रबन्धक ने दी।

## राजपूत सम्माज का युवक युवती परिचय सम्मेलन संपन्न




उज्जैन। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व राजपूत सोशल ग्रुप का परिचय सम्मेलन आज शर्मा परिसर मे संपन्न हुआ, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीमच विद्यायक दिलीप सिंह परिहार, व पूर्व मंत्री व विद्यायक उषा ठाकुर थी, विशेष अतिथि प्रसिद्ध कथा वाचक महेश गुरु जी व विश्व क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह भदौरिया थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व आई जी रमन सिंह सिकरवार ने की, कार्यक्रम सयोजक किशोर सिंह भदौरिया व नरेश सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुये।

# पूर्व छात्र सम्मेलन में शामिल हुए 48 सालों के 673 विद्यार्थी

## घोष संचालन के साथ लाए पूर्व विद्यार्थियों को, स्कूल की घंटी बजाकर किया सम्मेलन प्रारंभ



उज्जैन। पूर्व छात्र सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि बीते दिनों की यादों को ताज़ा करने का अवसर होता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति द्वारा 9 फरवरी को लोकमान्य तिलक विद्यालय एवं महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें 1970 से 2018 तक के लगभग 673 पूर्व विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस सम्मेलन ने एक ऐसा ही अनूठा अनुभव प्रदान किया, जहाँ विद्यार्थी अपने शिक्षण संस्थान की समृद्ध परंपराओं और उन अनमोल संबंधों को फिर से जीवंत कर पाए, जो उन्होंने यहाँ बनाए थे।

कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से प्रारंभ हुआ जिसमें पूर्व विद्यार्थियों का स्वागत, चंदन तिलक एवं गुलाब जल की महक के साथ किया। इसके पश्चात समस्त विद्यार्थियों को किट प्रदान की गई। तत्पश्चात समस्त पूर्व छात्रों द्वारा पुरानी यादों को नवीन संकल्प के साथ अल्पाहार के दौरान साझा किया गया। आत्मीय मुलाकात की शुरुआत कर प्रसिद्ध काका के समोसे का आनंद लिया। सुबह का यह सत्र एक अनौपचारिक मिलन के रूप में हुआ, जिसमें पूर्व छात्र एक-दूसरे से मिले और संस्थान के वर्तमान वातावरण को आत्मसात किया।

इसके बाद राजाभाऊ महाकाल हाल में संस्था द्वारा संचालित अंतर्राष्ट्रीय स्तर व ख्याति प्राप्त मल्लखंब का प्रदर्शन किया गया, जो परंपरा और कला का अद्भुत संगम है जो संस्थान के गौरवशाली खेल इतिहास को दर्शाते हुए रोमांचित करता है।

# मुनि मलय सागर ने आत्मकल्याण का मार्ग चुन सबको कृतार्थ किया

## डॉ. मुक्ति सागर सूरी की निश्रा में हुई गुणानुवाद सभा, उज्जैन निवासी मुनिश्री से जुड़े संस्मरणों को समाजजनों ने किया याद



उज्जैन। उच्च पदों पर आसीन रहकर भौतिक सुख सुविधाओं का त्याग करना अपने आप में कठिन मार्ग है.. इसे चुनकर व्यक्ति अपने आत्मकल्याण के साथ पूरे समाज को कृतार्थ करता है। लेकिन उनका यूं असमय कालधर्म सभी के लिए कष्टप्रभ है।

कुछ ऐसे ही उदगार पूज्य जैनाचार्य नवरत्न सागरजी के शिष्य गणीवर्य आदर्शरत्न सागरजी मसा के शिष्य रत्न मुनि मलय रत्न सागर जी मसा के कालधर्म होने पर रविवार को खाराकूआ स्थित श्री सिद्ध चक्र केसरीयानाथ तीर्थ उपाश्रय में अभ्युदयपुरम प्रणेता आचार्य डॉ. मुक्ति सागर सूरी जी की निश्रा में आयोजित गुणानुवाद सभा में वक्ताओं ने व्यक्त किये। दीक्षा लेने से पूर्व मुनि मलय सागर जी (महेंद्र सिरोलिया जी) खाराकुआ स्थित श्री ऋषभ देव छगनीराम पेढ़ी ट्रस्ट के 25 वर्षो तक अध्यक्ष रहे है। गत शुक्रवार को पालिताणा तीर्थ में उनका देवलोकगनान हो गया। वे अपने गुरु एवं मुनि मंडल के साथ वही आराधनारत थे। सभा को पेढ़ी ट्रस्ट अध्यक्ष एवं उनके सांसारिक पुत्र सौरभ सिरोलिया, समाज के गौतमचंद धीग, अभय मेहता, संजय जैन खलीवाला, सुशील जैन, डॉ. राहुल कटारिया, डॉ. सुभाष जैन, अमित भंसाली आदि ने सम्बोधित किया। अंत में आचार्य श्री मुक्ति सागर सूरी जी ने उनसे जुड़े संस्मरण सुनाते हुए कहा कि जीवन में वैराग्य का भाव तभी आ सकता है जब हम बाहरी सुखों से हटकर आत्म कल्याण का बोध कायम करें। सभा का संचालन अशोक भंडारी ने किया। इस दौरान पेढ़ी ट्रस्ट के जयंतीलाल जैन, नरेंद्र जैन दलाल, संजय पावेचा, पारस हरणीया, संजय संघवी, निलेश सिरोलिया, सौरभ जैन, राजेश कटारिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

मालूम हो कि पेशे से इंजीनियर मुनिश्री ने सांसारिक जीवन में कई उल्लेखनीय कार्यों के साथ पूरा जीवन समाज समर्पित किया है। अपने 5 वर्ष के दीक्षा पर्याय में पैदल विहार व कठिन तपस्या आदि की है। वे अत्यंत सरल, धार्मिक, तपस्वी, विनम्र, मृदुभाषी, परम गुरू भक्त थे। आपने दीक्षा जीवन में अपनी चुस्त जीवनचर्या, ज्ञान प्राप्ति, नियमित क्रिया, अनन्य गुरू सेवा व भक्ति से संपूर्ण जिन शासन में अपने गुरु के पद चिन्हों पर चलते हुए अनुकरणीय आदर्श स्थापित किया है।

# अभ्युदयपुरम में ध्वजारोहण का दो दिवसीय भव्य महोत्सव आज से



उज्जैन। श्री कल्याणमंदिर महा तीर्थ अभ्युदयपुरम की प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने पर ध्वजारोहण का दो दिवसीय भव्य महोत्सव होने जा रहा है।

मालव मार्तंड डॉ. आ. श्री मुक्तिसागरसूरीश्वरजी म. प्रेरित-संस्थापित इस तीर्थ के ट्रस्टीगण मफतलाल संघवी, संजय जैन खली एवं संजय संघवी ने बताया कि आज 10 फरवरी सोमवार को सम्पूर्ण जिनालय में सभी प्रभु प्रतिमाओं का अठ्ठारह अभिषेक का महत्वपूर्ण विधान होगा। शाम को संध्या भक्ति भी रखी गई है। 11 फरवरी सुबह 7 बजे पुष्यनक्षत्र के शक्रस्तव अभिषेक, 8 बजे नौकारशी, 9 बजे सत्तरभेदी पूजा प्रारंभ, 10 बजे 53 ध्वजा का भव्य वरघोड़ा, धर्मसभा एवं ध्वजारोहण के पश्चात् श्री संघ स्वामिवात्सल्य होगा। तत्पश्चात जैन कवि संगम के द्वारा राष्ट्रीय आध्यात्मिक कवि सम्मेलन रखा गया है। विधि विधान यहां के ट्रस्टी व्रजेश जैन करवाएंगे और संगीतकार संजय छाजेड़ घसोई तीर्थ पधारेंगे।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com